an>

Title: Need to take steps to facilitate smooth operation of post offices in Ballia Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भरत सिंह **(बलिया) :** मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बलिया (उ0प्र0) की ग्राम सभा शिवपुर दीयर नम्बरी, प्रानपुर, नौरंगा एवं भुआल छपरा में डाक व्यवस्था की हास्यास्पद स्थिति के अविलम्बनीय लोक महत्व के मामले पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

उपरोक्त चारों ग्राम सभाएं बलिया जनपद उत्तर प्रदेश में अवस्थित हैं किन्तु डाक-व्यवस्था बिहार से संचालित होने के कारण किसी भी सरकारी योजना का पत्राचार करने में काफी कठिनाई होती है तथा पत्र प्राप्ति में महीनों लग जाते हैं।

अतः मेरा माननीय संचार मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त चारों ग्राम सभाओं में जनपद बलिया (उ0प्र0) से डाक व्यवस्था संचालित कराने हेतु सकारात्मक पहल की जाए।